हुआ था।

# प्रचार-प्रसार से ही हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना हो पाएगा संभव

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम:** विश्व हिंदी दिवस पर ईएसआइसी उपक्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी कार्यशाला सह संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नई दिल्ली से राजभाषा विभाग के उप निदेशक कुमार पाल शर्मा व कार्यालय अध्यक्ष सुनील यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि हमें हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है, जोकि इसके प्रचार-प्रसार से ही संभव हो पाएगा। अतः हम सब को मिलकर हिंदी के लिए सदैव तत्पर एवं कार्यरत रहना है।

इससे पूर्व एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। प्रतिभागियों ने कविता, गीत, गजल प्रस्तुत कर तालिया बटोरी। कार्यक्रम के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कार्यालय की हितलाभ शाखा को अंतर-शाखा कार्यालयी राजभाषा चल शील्ड योजना के अंतर्गत शील्ड एवं प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर ईएसआइसी उपक्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी कार्यशाला सह संगोष्ठी कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य • सौ. आयोजक

सहायक निदेशक राजेन्द्र प्रसाद एवं सहायक निदेशक रविन्द्र कुमार ने भी हिंदी की महत्व पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यालय प्रमुख सुनील ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है जो हमारे हृदय के सबसे करीब है तथा हमें हिंदी का सम्मान तथा प्रचार-प्रसार करना चाहिए। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में हिंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन कार्यालय अधीक्षक सीमा ने किया। डा. स्वीटी यादव, मनोज समेत कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे।